Need to set up a Logistics Park in Guna Parliamentary Constituency-laid

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): सरकार ने National Logistics Policy-NLP 2022 शुरू की है, जिसका उद्देश्य 'अंतिम छोर तक त्वरित वितरण करना है, साथ ही परिवहन से संबंधित चुनौतियों को समाप्त करना है । इस नीति के तहत मंत्रालय द्वारा logistic parks के विकास के लिए दिशा निर्देश निर्धारित किये जाएंगे । मैं गुना लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधत्व करता हूँ, जिसके अंतर्गत गुना जिला आता है जो एक आकांक्षी जिला भी है । मेरा लोक सभा क्षेत्र दो राज्यों उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान को मध्य प्रदेश से जोड़ता है और राष्ट्रीय महामार्ग और रेलवे की अच्छी कनेक्टिविटी है जिसके कारण इसे मल्टी मोडल लोजिस्टिक्स पार्क के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है । मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत गेंहू, धनिया और टमाटर की बड़े पैमाने पर खेती होती है और भारत सरकार द्वारा इसे ODOP योजना में भी शामिल किया गया है । कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण गुना लोक सभा में logistic park स्थापित करने से किसानों और युवाओं को रोजगार मिलेगा और पिछड़े जिलों का विकास होगा । मेरा सरकार से निवेदन है कि गुना के चौमुखी विकास के लिए यहाँ लोजिस्टिक्स पार्क की स्वीकृति दी जाए और गुना को लोजिस्टिक्स पालिसी के माध्यम से आकांक्षी जिला होने के कारण financial incentives भी दिए जाए ।